प्रादेशिक समाचार
दिनांक–18.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले पर लिया स्वतः संज्ञान, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चन्द्रचूड़ की पीठ बीस अगस्त को मामले की सुनवाई करेगा।
2. पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झामुमो पर अपमानित करने का लगाया आरोप, कहा–मेरे लिए सभी विकल्प खुले हैं।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना का किया शुभारंभ, पाकुड़ में आयोजित कार्यक्रम में 81 हजार लाभार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित की।

और

4. मौसम विभाग ने राज्य के कई इलाकों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का जारी किया अलर्ट, कोडरमा में चेकडैम टूटने से बाढ़ जैसे हालात।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश धनंजय चंद्रचूड़, न्यायाधीश जमशेद पार्दीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ 20 अगस्त को इस मामले की सुनवाई करेगा। गौरतलब है कि इस महीने की 9 तारीख को कोलकाता के राधा गोविंद कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सेमिनार हॉल में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना हुई थी। इस घटना के एक दिन बाद कोलकाता पुलिस ने इस मामले में एक स्वयं सेवक को गिरफ्तार किया था। इस घटना को लेकर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। देश के डॉक्टर इस मामले में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।

****

स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय सुझाने के प्रयोजन से केंद्र सरकार एक समिति गठित करेगी। सरकार ने रेजिडेंट डॉक्टर्स संघ के संगठन, भारतीय चिकित्सा संघ और स्वास्थ्य संबंधी अन्य पक्षों की चिंता के बाद यह निर्णय लिया है

****

पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झामुमो पर अपमानित करने का आरोप लगाया है। श्री सोरेन ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा है कि मेरे लिए सभी विकल्प खुले हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री का पद छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। गौरतलब है कि हेमंत सोरेन की जेल से रिहाई के बाद चम्पाई सोरेन को मुख्यमंत्री का पद गंवाना पड़ा था, जिसके बाद झामुमो के अंदर सत्ता, संघर्ष खुलकर सामने आ गया था। हालांकि चम्पाई सोरेन को हेमंत सरकार में फिर से मंत्री बनाकर भरपाई करने की कोशिश की गयी, लेकिन उनके बयानों से कई बार यह लगता रहा है कि चम्पाई सोरेन पार्टी से नाराज चल रहे हैं।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज पाकुड़ से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान श्री सोरेन ने पाकुड़ जिले की 81 हजार लाभार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से एक–एक हजार रूपये की राशि हस्तांतरित की।

इस मौके पर श्री सोरेन ने करीब दो सौ से अधिक योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया। इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, दीपिका पांडेय सिंह और बेबी देवी सहित कई विधायक मौजूद थे। इससे पहले श्री सोरेन ने गोड्डा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कई योजनाओं का शिलान्यास तथा उदघाटन किया और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया।

****

रक्षा राज्यमंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ आज कई कार्यक्रमों शामिल हुए। श्री सेठ ने भूतपूर्व सैनिक ऑर्गेनाइजेशन झारखंड की ओर से तिरंगा पर बनाई गई लघु फिल्म का प्रमोशन किया। इस दौरान श्री सेठ ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों द्वारा बनाई गई यह फिल्म देशवासियों को प्रेरणा देने वाली है। उन्होंने कहा कि हर देशभक्त को यह फिल्म अवश्य देखना चाहिए। रक्षा राज्यमंत्री ने रांची प्रेस क्लब में वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर लगाई गई फोटो प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने फोटोग्राफी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करनेवालों को सम्मानित किया। श्री सेठ ने कहा कि समाज को संदेश देने में जितनी भूमिका लिखने वालों की होती है, उससे भी अधिक भूमिका फोटोग्राफर बंधु निभाते हैं।

****

****

पाकुड़ जिले में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि विभाग जुटा हुआ है।

****

पवित्र सावन महीने की कल अंतिम सोमवारी है। अंतिम सोमवारी पर देवघर स्थित बाबा बैजनाथ धाम और दुमका स्थित बासुकीनाथ धाम सहित राज्यभर के शिवालयों में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसे देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। इधर भाई–बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन भी कल मनाया जाएगा।

****

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से राज्य के कई इलाकों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिकों ने बताया है कि राज्य के दक्षिणी और उससे सटे भागों में आज भारी से बहुत भारी बारिश भी हो सकती है, जिसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के उत्तर पश्चिमी, उत्तर मध्य और उससे सटे मध्य भागों में भी भारी बारिश हो सकती है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। 19 और 20 अगस्त को भी राज्य के पश्चिमी हिस्सों में भारी बारिश के आसार हैं। वहीं इक्कीस अगस्त को राज्य के दक्षिण पूर्वी इलाके में भारी बारिश की संभावना है।

****

उधर झारखंड–बिहार की सीमा से सटे कोडरमा के मेघातरी पंचायत के कुसहना में चेक डैम के टूट जाने से अचानक गांव में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। गांव में आए अचानक पानी के सैलाब में कई मवेशी बह गए, जबकि कई घरों में पानी घुसने से नुकसान पहुंचा है। गौरतलब है कि चार वर्ष पहले कुसहना गांव के बाहर वन विभाग की ओर से चेक डैम का निर्माण कराया गया था।

*******समाप्त*******